प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 29.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.........................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में युग्म नवाचार सम्मेलन में भाग लेंगे।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में पद्म पुरस्कार प्रदान किए–पुरस्कार पाने वालों में प्रदेश की प्रसिद्ध मांड और भजन गायिका बतूल बेगम और मशहूर ऊर्दू शायर आलोचक शीनकाफ निज़ाम शामिल।
- राज्य सरकार ने प्रतिबंधित प्लास्टिक के सप्लायर और स्टॉकिस्ट को 15 दिन के अंदर स्टॉक हटाने के निर्देश दिये।
- समूचा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में–46 दशलव 4 डिग्री सैल्सियस के साथ बाडमेर सबसे गर्म स्थान रहा।

.............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में युग्म सम्मेलन में भाग लेंगे। युग्म जिसका संस्कृत में अर्थ है संगम यह अपनी तरह का पहला महत्वपूर्ण नीतिगत सम्मेलन है जिसमें सरकार, शैक्षणिक क्षेत्र, उद्योग जगत और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित दिग्गज शामिल होंगे। यह आयोजन भारत की नवाचार यात्रा में उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा।

........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने नागरिक अलंकरण समारोह के पहले चरण में 71 प्रतिष्ठित हस्तियों को इन पुरस्कारों से नवाजा। इनमें चार पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किये गये। पुरस्कार पाने वालों में राजस्थान की प्रसिद्ध मांड और भजन गायिका बतूल बेगम और मशहूर ऊर्दू शायर आलोचक शीनकाफ निज़ाम शामिल है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया संदेश में पद्म पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर इन दोनो हस्तियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया संदेश में लिखा कि ये उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा, शिक्षा और कला के क्षेत्र में अटूट समर्पण का परिणाम है।

........................

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय आज नई दिल्ली स्थित अटल अक्षय ऊर्जा भवन में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए अवसरों का पता लगाने के बारें में कार्यशाला का आयोजन करेगा। यह कार्यशाला दीर्घकालिक हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था को आकार देने में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका का पता लगाएगी। इस उभरते क्षेत्र में नवाचार और विकास को गति देने में एमएसएमई की भूमिका महत्वपूर्ण है।

.........................

रणथंभौर बाघ परियोजना क्षेत्र के फलौदी रेंज में बाघिन आरबीटी–2313 ने दो शावकों को जन्म दिया है। इस खबर से वन्यजीव प्रेमियों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों में खुशी की लहर है। वन मंत्री संजय शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इस खबर को साझा करते हुए खुशी जताई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि शावक देखे जाने के बाद वन विभाग ने क्षेत्र में नियमित गश्त के निर्देश दिए है।

......................

इस वर्ष की चार धाम यात्रा कल से शुरू हो रही है। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के पवित्र स्थलों की इस यात्रा के लिए पंजीकरण भी कल से शुरू हो गये है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, और विदेशी नागरिकों के लिए विशेष काउंटर स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा बीस निःशुल्कं पंजीकरण काउंटर भी बनाये गये है। उत्तराखंड सरकार ने वार्षिक तीर्थ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कुर सिंह धामी ने कल

अधिकारियों के साथ व्यवस्था की समीक्षा की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री धामी ने कहा कि दो मई से श्रद्धालु बाबा केदार और केदारनाथ धाम के दर्शन कर सकेंगे।

....................

राज्य सरकार ने प्रतिबंधित प्लास्टिक के सप्लायर और स्टॉकिस्ट को 15 दिन के अंदर स्टॉक हटाने के निर्देश दिये हैं। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कल जयपुर में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर आयोजित बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टॉक नहीं हटाने वाले सप्लायर्स के खिलाफ 15 दिन के बाद सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रतिबंधित प्लास्टिक में चम्मच, कांटे, स्ट्रॉ, गिलास, प्लेट, प्लास्टिक कैरी बैग, मिठाई और ज्यूस पैकेजिंग आइटम तथा निमंत्रण पत्र शामिल है। श्री दिलावर ने अधिकारियों को सभी सरकारी विभागों में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के नये दिशा–निर्देश जारी करने को कहा है। इन दिशा–निर्देशों की अवहेलना करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

.......................

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा है कि निचले तबके और हर जरूरतमंद व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को माइक्रो मैनेजमेंट करने के निर्देश दिये। श्री गहलोत जयपुर में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में अनुप्रति कोचिंग योजना व छात्रावासों में सामान खरीद की प्रगति पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही नये उपखण्डों में कार्यालय खोलने, भवन निर्माण और पदों की स्वीकृति पर भी विचार–विमर्श किया गया।

........................

आज परशुराम जयंती है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने परशुराम जयंती की प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया संदेश में लिखा कि भगवान परशुराम की कृपा से सभी का जीवन समृद्ध हो और राजस्थान विकास और उन्नती के नये प्रतिमान स्थापित करता रहे। परशुराम जयंती पर प्रदेश में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। करौली और भीलवाडा में शोभायात्रा निकाली जायेगी। कोटपूतली–बहरोड़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। पाली के परशुराम महादेव गुफा मंदिर में आज रियासतकालीन ध्वजा चढाई जायेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह भगवान परशुराम का विशेष अभिषेक कर श्रृंगार किया गया।

..................

समूचा प्रदेश भीषण गर्मी और लू के असर से प्रभावित हैं। ज्यादातर स्थानों पर दिन के तापमान में बढोतरी का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों में 46 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस तापमान के साथ बाडमेर सबसे गर्म स्थान रहा।

ये तापमान सामान्य से चार दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस अधिक है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जैसलमेर में पारा 46 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस पर पंहुच गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इससे पहले 13 अप्रैल 2018 को पारा 46 दशमलव 1 डिग्री सैल्सियस मापा गया था। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां तेज गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित है।

.....................

मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढोतरी होने के आसार व्यक्त किये है। इसके साथ ही जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में अधिकतम तापमान 44 से 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज होने की संभावना हैं। जोधपुर संभाग में आज से

...........................